दिनांकः 06.07.2025
समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर राष्ट्र उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा हैं
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम का पर्व पारम्परिक तरीके से मनाया जा रहा हैं
- देवशयनी एकादशी के मौके पर आज राज्य में विभिन्न धार्मिक आयोजनं

और

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–अगले दो–तीन दिन कोटा उदयपुर, भरतपुर, अजमेर संभागों में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमानं

000

प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज जयंती हैं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गईं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश के सम्मान, मर्यादा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दीं वहीं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना कीं उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न होते तो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं होतां

......................

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अपने निवास पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजलि दीं अपने संदेश में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए उनका बलिदान सभी को सदैव देश सेवा के लिए प्रेरणा देता रहेगां प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर डॉ. मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गयां राजसमंद में मुखर्जी चौराहे पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी गईं चूरू, सवाईमाधोपुर, बांसवाडा और पाली में भी डॉ. मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी और श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गयां

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आज रात शुरू हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगें सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढावा देना हैं 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन सुधारों और जलवायु परिवर्तन से जुडी चुनौतियों के अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगीं सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई नेताओं के साथ चर्चा भी करेंगें दो दिन के सम्मेलन के बाद श्री मोदी ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया जाएंगें दोनों देशों के बीच प्रगाढ कार्यनीतिक संबंधों के बारे में प्रधानमंत्री ब्राजील के राष्ट्रपति इनाशियो लुला डी सिल्वा के साथ चर्चा करेंगें

0000

पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में आज मुहर्रम मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दीं इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर ताज़ियों के जुलूस निकाले जा रहे हैं राजधानी जयपुर में भी दोपहर बाद मातमी धुनों के साथ ताजियों के जुलूस शुरू हुएं इसमें सोने और चांदी से बने ताजिये विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं इन ताज़ियों को देर शाम करबला में सुपुर्द ए खाक किया जाएगां जुलूस को देखते हुए शहर में पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था और यातायात के विशेष प्रबंध किये हैं संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी भी रखी जा रही हैं पुलिस ने लोगों से सौहार्द के साथ इस दिन को मनाने की अपील की हैं उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर जुलूस निकाले जा रहे हैं

.................

सवाईमाधोपुर और राजसमंद में भी कडी सुरक्षा के बीच ताजियों के जुलूस निकाले जा रहे हैं

00000

केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो ने देशभर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस–प्रमाणित हेलमेट का ही उपयोग करने की अपील की हैं विभाग ने बीआईएस प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया हैं विभाग ने कहा कि भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं ऐसे में चालकों की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण हैं सड़क सुरक्षा बढाने और उपभोक्ताओं को घटिया हेलमेट से बचाने के लिए बीआईएस ने पिछले वित्तीय वर्ष में 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाएं

000

आज देवशयनी एकादशी के मौके पर प्रदेश में विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी मंदिर में आज सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि करौली के प्रसिद्ध मदन मोहन जी मंदिर और अन्य मंदिरों में देवशयनी एकादशी पर विशेष झांकी सजायी गई

.............

डूंगरपुर में धनेश्वर मंडल की ओर से शहर के मुरलीधर मंदिर से  आज वन यात्रा का आयोजन किया गयां वहीं वनेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी बारिश की कामना के लिए विशेष पूजा की गई डीग जिले के पूंछरी में मुड़िया पूर्णिमा के मद्देनजर गोवर्धन की सप्तकोसीय परिक्रमा देने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह परवान पर हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवशयनी एकादशी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान विष्णु से सभी के कल्याण की प्रार्थना की हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए  अपने सोशल मीडिया संदेश में भगवान विट्ठल से समाज में सुख समृद्धि की कामना की हैं

0000

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार दो सौ आठ तीर्थयात्रियों का पांचवा जत्था रवाना हुआं जम्मू में भगवती नगर यात्री–निवास आधार–शिविर से रवाना हुए इस जत्थे में 5 हजार 258 पुरुष, 1 हजार 587 महिलाएं, 30 बच्चे, 333 साधु संत शामिल हैं ये सभी तीर्थयात्री आज पहलगाम आधार शिविर पहुंचेंगे और वहां से पवित्र गुफा के लिए यात्रा शुरू करेंगें

000

कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों का दूसरा जत्था आज अपनी यात्रा पूरी करने के बाद गंगटोक वापस लौट आएं
47 तीर्थ यात्रियों वाले दूसरे जत्थे ने 25 जून को नाथू ला सीमा पार करके अपनी तीर्थ यात्रा की शुरूआत की थीं तीर्थ यात्रियों ने निर्बाध प्रबंधन और आतिथ्य के लिए सिक्किम सरकार के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया हैं ऐतिहासिक कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरूआत नाथू ला से पिछले महीने 20 तारीख को हुई थी, जहां 36 तीर्थ यात्रियों ने सिक्किम के **राज्यपाल** ओम प्रकाश माथुर से मुलाकात की और उसके बाद यहीं से यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई

00000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी हैं पिछले 24 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से भारी वर्षा दर्ज की गईं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 21 सेंटीमीटर बारिश सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में दर्ज हुईं राजधानी जयपुर में भी **आज हल्की बारिश हुई** माउंट आबू समेत समूचे सिरोही जिले में **रुक रुक कर बारिश हो रही हैं** बारिश के बाद मौसम खुशनुमा होने से पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में सैलानियों की आवक बढ गई हैं ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...................

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो–तीन दिन कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर और जयपुर संभागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी बारिश होने का पूर्वानुमान हैं वहीं जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं वर्षा होने के आसार हैं

00000

अजमेर जिले के पुष्कर में आज राष्ट्रीय ऊंट दौड चैम्पियनशिप के पहले संस्करण में आठ राज्यों के पचास महिला पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लियां इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि ऊंट दौड़ जैसे परम्परागत खेल न केवल राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाये रखते है बल्कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और पर्यटन के नये अवसर भी पैदा हो सकते हैं उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन आने वाले वर्षो में अंतर्राष्ट्रीय पटल पर राजस्थान की पहचान को और सशक्त बनायेगां

00000

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नये मुख्यालय भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत आज जयपुर के मानसरोवर में विधिवत पूजा—अर्चना के साथ हुई इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेताप्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सहित प्रमुख नेता मौजूद रहें

00000

पाली में महिलाओं को साइबर धोखाधडी से बचाने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से आयोजित किये जा रहे इस शिविर में महिलाओं को मोबाईल फोन के समुचित उपयोग की जानकारी दी जा रही हैं शिविर में साईबर विशेषज्ञों की ओर से ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, ऑनलाइन भुगतान के सही तरीके आदि पर विशेष जानकारी दी जा रही हैं

00000